हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 31 तक टैक्स जमा करने पर सरचार्ज में छूट, गत...





07 डीजल भट्टी और कोयला भट्टी पर आधारित...



## बाघिन फायर लाइन और उसके शावकों का 'फैमिली शो' देखकर खुश हो गए पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघिन फायर लाइन तथा उसके शावकों के 'फैमिली शो' ने धूम मचा रखी है। गर्मी के मौसम में बाघिन अपने तीन शावकों के साथ जलस्त्रोतों के आसपास लगातार पर्यटकों को दिखाई दे रही है। कई बार यह परिवार जंगल सफारी ट्रैक पर आ जाता है, जिसके चलते पर्यटक इस 'फैमिली शो' को देखकर बहुत खुश होते हैं। मंगलवार को ईवनिंग सफारी दौरान फायर लाइन शावकों के साथ जल स्त्रोत के समीप दिखाई दी। जहां शावकों ने काफी देर तक पानी में अठखेलियां की। कामती रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि इस टाइगर फैमिली ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र की काफी अच्छी ब्रांडिंग पर्यटकों में कर रखी है।

## पचमढ़ी बना शक्तिभक्ति का केंद्र झंडा स्थल पर विराजी महाकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पचमढ़ी के झंडा स्थल पर जबलपुर के गढ़ा फाटक की सुप्रसिद्ध महाकाली की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। करीब 150 वर्ष पुरानी मन्नत वाली महाकाली के इस स्वरूप के दर्शन से भक्तों में गहरी आस्था जाग रही है। नवरात्रि के दौरान यहां विशेष आरती, यंत्र पूजा और मखाने की माला अर्पित करने की परंपरा निभाई जा रही है। प्राकृतिक सुंदरता के बीच यह आयोजन पचमढ़ी को इन दिनों धर्म और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना रहा है। इनकी प्रतिमा अत्यंत रौद्र लेकिन ममतामयी होती है। काले वर्ण की विशाल प्रतिमा, फैली हुई जिह्वा और गले में नरमुंडों की माला उनके संहारक रूप को दर्शाती है, जबकि उनके नेत्र भक्तों को अभयदान देते हैं। गढ़ा फाटक वाली माता को मखाने की विशेष माला अर्पित करने की परंपरा है, जिसे पचमढ़ी में भी भक्त श्रद्धापूर्वक निभा रहे हैं। पचमढ़ी के झंडा स्थल पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गढ़ा फाटक (जबलपुर) की सुप्रसिद्ध महाकाली के स्वरूप की प्रतिमा स्थापना का यह आयोजन स्थानीय सर्वदा शक्तिशाली महाकाली मंडल द्वारा किया गया है।



## खबर संक्षेप

### दिनेश चौधरी बने भाजपा अजा जिला अध्यक्ष



**नर्मदापुरम।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने 28 जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस सूची में संगठन ने नए और पुराने चेहरों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। नर्मदापुरम से दिनेश चौधरी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी है। दिनेश चौधरी लंबे समय से अनुसूचित जाति मोर्चा में सक्रिय रूप से काम कर रहे थे।

### कलेक्टर परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

**नर्मदापुरम।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनिल कुमार जैन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) के अंतर्गत पारित किया गया है। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा, जिसमें आयोजक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। अनुमत पांच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य का परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बिना पुलिस को सूचना दिए कोई सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी तथा सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस करना वर्जित रहेगा।

### प्रशासन ने कहा स्टॉक पर्याप्त, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत की खबर पर पंपों पर उमड़ी भीड़, प्रशासन ने दी सफाई

जिले में अफवाहों के बीच पेट्रोल-डीजल की किल्लत की झूठी खबरों ने बुधवार को भारी अफरा-तफरी मचा दी। खासकर सिवनी मालवा क्षेत्र में स्थिति ज्यादा बिगड़ गई, जहां बड़ी संख्या में लोग ड्रम और कुप्पों के साथ पेट्रोल लेने पहुंचे, जिससे अव्यवस्था फैल गई।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/इटारसी

युद्ध से जुड़े संभावित हालातों के बीच पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहों ने बुधवार को जिले में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें लग गईं और देखते ही देखते हालात बेकाबू होने लगे। स्थिति ऐसी बन गई कि कई जगहों पर भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। घबराहट में लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाने पहुंचने लगे। खास बात यह रही कि कई ऐसे लोग भी लाइनों में खड़े नजर आए, जिनके वाहनों में पहले से पर्याप्त पेट्रोल मौजूद था। इससे पंपों पर दबाव और बढ़ गया। सबसे ज्यादा गंभीर हालात सिवनी मालवा क्षेत्र में देखने को मिले, जहां बड़ी संख्या में किसान कुंपों और ड्रमों के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंच गए। अचानक बढ़ी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई और स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया। मजबूरन पंप संचालकों को कुछ समय के लिए पेट्रोल पंप बंद करने पड़े।

### सिवनी मालवा में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहें

सिवनी मालवा में पेट्रोल-डीजल को लेकर अचानक बनी अफरा-तफरी के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। प्रशासन ने साफ किया है कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है। एसडीएम के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा नगर के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद नागरिकों को समझाइश देते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। लोगों से आग्रह किया गया कि वे केवल अपनी जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल लें और अनावश्यक रूप से भंडारण करने से बचें। प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि वे पेट्रोल-डीजल,कुप्पे या अन्य खुले बर्तनों में न दें, बल्कि केवल वाहनों में ही ईंधन भरें। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनय सैनी ने बताया कि एसडीएम द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वहीं एसडीएम विजय राय ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का पैनिक न करें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और ईंधन की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोग खुले बर्तनों में पेट्रोल-डीजल भरकर स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे नियमों का पालन करें, अफवाहों से दूर रहें और पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू का कहना है कि जिले में पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता है। आइल कंपनी के तरफ से जिले में सभी पेट्रोल पंपों पर जो आपूर्ति हो रही है वह सतत बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा भी निरंतर पेट्रोल डीजल के स्टॉक पर निगरानी रखी जा रही है। कहीं पर भी स्टॉक की कमी नहीं है। वहीं कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को पेट्रोल डीजल की अफवाहों के प्रति आगह किया है कि अफवाहें भ्रांति की स्थिति न बने समय पर प्राचार प्रसार किया जाए।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र पर हाई अलर्ट पुलिस-बीडीडीएस की ताबड़तोड़ सर्चिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर उस समय दहशत के माहौल में आ गया जब नर्मदापुरम के प्रधान डाकघर में संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सनसनीखेज सूचना ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत एक्शन मोड में ला दिया। धमकी से संबंधित ईमेल भोपाल आफिस से प्राप्त हुआ, जिसके बाद स्थानीय पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के निर्देश पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता , डॉग स्क्वाड और साइबर टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। सुरक्षा बलों ने पूरे प्रधान डाकघर परिसर को घेरते हुए इंच-इंच की सघन तलाशी अभियान चलाया। हर कोने, हर संदिग्ध स्थान और हर वस्तु की बारीकी से जांच की गई, जिससे किसी भी संभावित खतरे को तुरंत निष्प्रभावी किया जा सके। इस दौरान पोस्टमास्टर रामाशीश सिंह भी मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई में सहयोग किया। कड़ी जांच और सर्च ऑपरेशन के बाद राहत की खबर यह रही कि परिसर में कोई भी विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। हालांकि, इस धमकी ने सुरक्षा व्यवस्था की संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ईमेल के स्त्रोत की जांच में जुटी है और शहर में लगातार निगरानी बनाए हुए है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। एसपी साईं कृष्ण एस थोटा के निर्देशन में एसएसपी अभिषेक राजन,एसडीओपी जितेंद्र पाठक,कोतवाली टीआई कंचन ठाकुर,बीडीएस टीम, डॉग स्क्वाड एवं सायबर टीम मौके पर रही।

### हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन की कार्यशाला का आयोजन



**नर्मदापुरम।** महिलाओं को सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति अंतर्गत हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन की संभागीय स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सांई कृष्णा रिसोर्ट में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा हब की कार्यविधि, उद्देश्य तथा हब के अंतर्गत महिलाओं को दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी गई। संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी द्वारा बाल विवाह रोकथाम, महिला सशक्तिकरण योजनाओं तथा हब की अगामी वर्षा 2026-27 की कार्ययोजना के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक, समस्त परियोजना अधिकारी,एम्स से डा पाण्डेय, पर्यवेक्षक, वन स्टाप सेंटर प्रशासक तथा स्टाफ उपस्थित रहा।

### अवैध परिवहन, उत्खनन और भंडारण: 14 वाहन और 9 पोकलेन,जेसीबी मशीन जब्त,संयुक्त दल की कार्रवाई जारी

**नर्मदापुरम।** अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध जांच एवं कार्यवाही खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जारी है। तहसीलवार गठित दल एवं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल से गठित दल द्वारा जिले में नियमित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया द्वारा तहसील-बनखेड़ी में 03 पोकलेन मशीन, 01 जे.सी.बी. मशीन, 09 ट्रक एवं 01 ट्रैक्टर ट्राली को अवैध उत्खनन/परिवहन तथा ओवरलोडिंग करने पर जप्त किये गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनीमालवा द्वारा 02 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किया गया। संयुक्त दल द्वारा ग्राम-मोहासा, तह०-माखननगर में रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर 02 जेसीबी मशीन एवं ग्राम-रायपुर, तह०-नर्मदापुरम से रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया है। तथा 25 मार्च 2026 को संयुक्त दल द्वारा ग्राम-जासलपुर, तह०-नर्मदापुरम से 01 जेसीबी मशीन एवं ग्राम-मोहासा, तह0-माखननगर से 01 जेसीबी मशीन एवं 01 लोडर को रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी द्वारा 01 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किया गया। रेत के अवैध भण्डारण में कुल 800 घमी रेत जप्त किया गया है। उक्त जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने की कार्रवाई की जावेगी। संयुक्त टीम द्वारा जिले में नियमित जाँच एवं कार्यवाही सतत जारी है।

## घोटाला: 900 क्विंटल गेहूं गायब, वेयरहाउस सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनी मालवा क्षेत्र के ग्राम कोठरा स्थित पंचमुखी वेयरहाउस में शासकीय गेहूं की भारी हेराफेरी उजागर होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान पहले करीब 800 क्विंटल गेहूं की कमी सामने आई थी, जो अब बढ़कर लगभग 900 क्विंटल तक पहुंच गई है। इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं गायब होने से पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। मंगलवार को जिला स्तरीय जांच टीम मौके पर पहुंची और देर रात करीब 11 बजे तक वेयरहाउस का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के बाद वेयरहाउस को तत्काल सील कर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अगले दो दिनों तक सभी बोरियों की गिनती कर वास्तविक स्टॉक का मिलान किया जाएगा, जिससे घोटाले का सही आंकड़ा सामने आ सके। मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव धवंडे ने इस मामले में बड़ा बयान देते हुए कहा कि इतनी विशाल मात्रा में गेहूं की गड़बड़ी बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस की चाबी केवल संचालक और शाखा प्रबंधक के पास रहती है, ऐसे में संदेह की सुई सीधे जिम्मेदार अधिकारियों पर जा रही है। प्रशासन का मानना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ ही गड़बड़ी का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

फिलहाल पूरे क्षेत्र में इस घोटाले को लेकर आक्रोश और चर्चा तेज है, और अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट व संभावित सख्त कार्रवाई पर टिकी हुई है। विदित हो कि नर्मदापुरम में जिले समर्थन मूल्य पर खरीदी 4 करोड़ की मूंग चोरी होने का मामला पहले भी माखननगर क्षेत्र से आ चुका है ऐसे में यह अब यह सिवनीमालवा में गेहूं की बोरी गायब होने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

### प्रदेश में जिले को कक्षा पांचवी में 9वीं और कक्षा आठवीं में 7 वीं रैंक मिली...

## समेरिटंस विद्यालयों के परीक्षा परिणाम रहे शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बुधवार को जारी हुए कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम बेहतर रहे। नर्मदापुरम जिला टॉप 10 में रहा। कक्षा पांचवी में 9 वीं और कक्षा आठवीं में 7 वीं रैंक जिले को मिली। अब जिले में असफल विद्यार्थियों को एक अवसर ओर मिलेगा। जिले में कक्षा आठवीं में 16664 विद्यार्थी थे जिसमें से 16277 विद्यार्थी सफल रहे। वहीं कक्षा पांचवी में 17857 में 17600 विद्यार्थी सफर रहे। इन परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस समूह के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठा के अनुसार प्रदर्शन किया। समूह के नर्मदापुरम स्थित जुमेराती, माखननगर, सोहागपुर और सिवनी मालवा सभी चारों विद्यालयों के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। विद्यार्थियों की उल्लेखनीय और शानदार उपलब्धि पर विद्यालयों के प्राचार्यों सहित समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम घोषित होने की सूचना पहले से ही होने के चलते परिणामों को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह और उत्सुकता रही। परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों और बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

समेरिटंस विद्यालय जुमराती में कक्षा पांचवीं में 23 में से 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में छात्र आदित्य सोनगरा ने 400 में 330 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा आठवीं में सभी 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा आठवीं में अंशिका शर्मा ने 600 में से 519 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। समेरिटंस विद्यालय माखननगर का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा पांचवीं में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जबकि कक्षा आठवीं में 50 में से 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। कक्षा पांचवीं में छात्र अंश पटवा ने 89 प्रति अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा आठवीं में छात्र उत्कर्ष वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया। समेरिटंस विद्यालय सोहागपुर में कक्षा पांचवीं में 22 और कक्षा आठवीं में 11 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर रिकार्ड बनाया। विद्यालय के छात्र शौर्य पठारिया ने कक्षा पांचवीं में 93 प्रतिशत और कक्षा आठवीं कर छात्रा अक्षिता केने ने 91 प्रतिशत अंक अर्जितकर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया। समेरिटंस विद्यालय सिवनी मालवा में कक्षा पांचवीं में 15 और कक्षा आठवीं में कुल 18 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। ये सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। कक्षा पांचवी की छात्रा नैनी साहू 93 प्रतिशत अंकों के साथ और कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी जाट 94 अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल रही। परीक्षा परिणाम एक नजर में जुमेराती विद्यालय कक्षा पांचवीं कुल विद्यार्थी 23 प्रथम श्रेणी 22, द्वितीय श्रेणी 01 कक्षा आठवीं कुल विद्यार्थी 22, प्रथम श्रेणी 22, द्वितीय श्रेणी 00, माखन नगर विद्यालय कक्षा पांचवीं कुल विद्यार्थी 57 प्रथम श्रेणी 50, द्वितीय श्रेणी 07, कक्षा आठवीं कुल विद्यार्थी 50 प्रथम श्रेणी 49 द्वितीय श्रेणी 01, सोहागपुर विद्यालय कक्षा पांचवीं कुल विद्यार्थी 22 प्रथम श्रेणी 22, द्वितीय श्रेणी 00, कक्षा आठवीं कुल विद्यार्थी 11 प्रथम श्रेणी 11 द्वितीय श्रेणी 00, सिवनी मालवा विद्यालय कक्षा पांचवीं कुल विद्यार्थी 15 प्रथम श्रेणी 15 द्वितीय श्रेणी 00 कक्षा आठवीं कुल विद्यार्थी 18 प्रथम श्रेणी 18, द्वितीय श्रेणी 00, इटारसी विद्यालय में भी इस वर्ष कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा पांचवीं में कुल 15 और आठवीं कक्षा में 15 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। कक्षा पांचवीं के छात्र युवराज चौधरी ने सर्वाधिक 88 प्रतिशत और कक्षा आठवीं ने छात्र सक्षम मालवीय ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इटारसी विद्यालय कक्षा पांचवीं कुल विद्यार्थी 15 प्रथम श्रेणी 15, कक्षा आठवीं कुल विद्यार्थी 15 प्रथम श्रेणी 15 में रहे।

खबर संक्षेप

## सरकारी कार्यालयों में हेलमेट न पहनने वालों पर की गई कार्यवाही



**बैतूल।** सडक़ सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में हेलमेट जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले 14 शासकीय कर्मचारियों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 4200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कलेक्ट्रेट परिसर में डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया, कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहरिया और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच की। अभियान के दौरान अधिकांश कर्मचारी हेलमेट पहने मिले। हालांकि, नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 कर्मचारियों पर प्रति व्यक्ति 300 रुपये के हिसाब से कुल 2400 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह, एसपी कार्यालय में भी हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। यहां एसपी वीरेंद्र जैन और एएसपी कमला जोशी की निगरानी में पुलिस कर्मियों और कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारियों के हेलमेट की जांच हुई। ट्रैफिक अमला और गंज थाना टीआई नीरज पाल भी मौके पर मौजूद रहे। एसपी कार्यालय में 6 कर्मचारियों के चालान बनाकर कुल 1800 रुपये की कार्रवाई की गई। इस प्रकार, दोनों स्थानों पर कुल 14 कर्मचारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पूर्व में ही निर्देश जारी किए थे कि सभी शासकीय कर्मचारी कार्यालय आते समय दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

## अलग-अलग तिथियों में होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह आयोजन

**बैतूल।** बैतूल जिले के नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नगरी निकायों तथा जनपद पंचायतों के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैतूल में 26 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह का आयोजन होगा। जिसमें जनपद पंचायत बैतूल, आठनेर, आमला और नगर पालिका बैतूल, बैतूल बाजार, आठनेर, आमला सम्मिलित होगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत भीमपुर में 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होगा। जिसमें जनपद पंचायत भैंसदेही, भीमपुर और नगर परिषद भैंसदेही सम्मिलित होगी। वहीं जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी में 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होगा।

### वित्तीय वर्ष में अब तक नपा ने कुल वसूली का 72.49 प्रतिशत हासिल किया लक्ष्य

# 31 तक टैक्स जमा करने पर सरचार्ज में छूट, गत साल वसूले थे 65.51 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व का करीब 72.49 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया। उम्मीद है कि 31 मार्च तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत तक या उससे ऊपर पहुंच जायेगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बकायादारों को नोटिस और कचरा वाहनों के माध्यम से एलाउंस करके टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत वसूली की जा सके। बता दे कि चालू वित्तीय वर्ष में नगरपालिका को कुल 11 करोड़ 67 लाख 80 हजार 790 रूपये राजस्व वसूली करना था, जिसमें से नगरपालिका अब तक 8 करोड़ 46 लाख 55 हजार 362 रूपये की राजस्व वसूली कर चुकी है, जबकि विगत वर्ष नगरपालिका मार्च के अंत तक 10,21,49,777 में से मात्र 6,69,13,745 रूपये ही वसूल हो सकी थी जो कुल राजस्व वसूली का 65.51 प्रतिशत था। लेकिन इस वर्ष नगरपालिका के राजस्व निरीक्षकों ने वसूली के अलावा एसआईआर सहित जनगणना के तहत मकानों के सूचीकरण जैसे कार्य की जिम्मेदारी होते हुए भी उम्मीद से बढक़र राजस्व वसूली की है। जिससे नगरपालिका का अच्छा खासा खजाना भर गया है। खासकर कर्मचारियों के वेतन और विकास कार्यो को लेकर, जो बजट आड़े आ रहा था, अब नगरपालिका को इन मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।




### लोक अदालत में मिला अच्छा रिस्पांस ......

नगरपालिका के खजाने को भरने में सबसे ज्यादा लोक अदालत की भूमिका रही है। लोक अदालत के माध्यम से नगरपालिका ने मार्च में ही, एक दिन में करीब 1 करोड़ रुपये के आसपास राजस्व वसूल किया था। जबकि दिसंबर में 56 लाख से अधिक की राजस्व वसूली की थी। बताया जा रहा है कि लोक अदालत में नगरपालिका ने करदाताओं को एक मुश्त बकाया जमा करने पर सरचार्ज (अधिभार) में छूट दी थी। संपति कर के प्रकरणों में 50 हजार तक बकाया राशि वाले करदाताओं को शत प्रतिशत और 50 हजार से एक लाख तक बकाया राशि वाले करदाताओं को अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी गई। इसके अलावा एक लाख रुपये से अधिक बकाया वाले करदाताओं को अधिभार में 25 प्रतिशत तक छूट का लाभ मिला। इसी तरह जलप्रभार/अन्य उपभोक्ता प्रभार में भी अधिभार में छूट का प्रॉवधान किया गया था। 10 हजार तक बकाया राशि पर शत-प्रतिशत, 10 हजार से 50 हजार तक बकाया राशि पर 75 प्रतिशत और 50 हजार से अधिक बकाया राशि पर 50 प्रतिशत अधिभार में छूट दी गई।

### 208 प्रतिशत वसूला समेकित कर

नगरपालिका ने इस वर्ष 208 प्रतिशत समेकित कर की वसूली की है। समेकित कर की कुल डिमांड 85,66,357 रुपये थी, जिसके एवज में नगरपालिका ने 1,78,60,680 रुपये वसूल किये है, जो कि कुल वसूली 208 प्रतिशत है। इसके अलावा संपत्ति कर की कुल डिमांड 4,08,83,440 थी, इसके विपरीत नपा ने 3,29,23,394 रुपये वसूले यानि कुल 80.53 प्रतिशत वसूली रही। इसी प्रकार सामान्य जलकर 828124 में से 622183 यानि 75.13 प्रतिशत, जल शुल्क 36383621 में से 13729034.91 रुपये यानि 37.73 प्रतिशत, दुकान/भवन भूमि किराया 8487081 में से 5309414 रुपये यानि 62.56 प्रतिशत, शिक्षा उपकर 10055471 में से 6550477 रुपये यानि 65.14 प्रतिशत और नगरीय विकास उपकर 11576696 में से 7660180 यानि 66.17 प्रतिशत राजस्व वसूला है।

### 31 मार्च तक बकाया जमा करने पर मिलेगी सरचार्ज में छूट

नगरपालिका के करदाताओं के लिए यह अच्छी खबर है कि 31 मार्च तक करों का भुगतान करने पर उन्हें सरचार्ज में छूट मिलेगी। यह छूट लोक अदालत में तय मापदंडों के अनुसार रहेगी। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने पत्र भी जारी कर दिया है। नगरपालिका के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते ने बताया कि संपत्ति कर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार (सरचार्ज) में छूट मिलेगी। यह छूट 31 मार्च तक दी जायेगी। श्री परते ने बताया कि बकायादार नगरपालिका के राजस्व शाखा में करों का भुगतान कर सरचार्ज में छूट का लाभ ले सकते है। रविवार छुट्टी के दिन भी नपा में टैक्स जमा करने के लिए काउंटर खुले रहेगे।

**इनका कहना है -**

नपा की कुल राजस्व वसूली 72.49 प्रतिशत हो चुकी है। शेष वसूली के प्रयास भी जारी है। 31 मार्च तक बकाया करों का भुगतान करने पर बकायेदारों को सरचार्ज में छूट मिलेगी। बकायादार रविवार अवकाश के दिन भी नगरपालिका आकर टैक्स जमा कर सकते है। छुट्टी के दिन भी काउंटर खुले रहेगे।

**- ब्रजगोपाल परते, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका बैतूल**

### एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा हुआ फरार

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, 10 बाईक बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भैसदेही


भैंसदेही पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे एवं निशानदेही से कुल 10 मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 05 लाख 30 हजार रुपये) बरामद की हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24-25 मार्च की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल से भीकुंड रोड पर घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजल उर्फ शेख अरसद पिता शेख इकबाल (22 वर्ष) निवासी ग्राम बैरागढ़ थाना धारणी (महाराष्ट्र), हाल भैंसदेही बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल चोरी की पाई गई, जिसे उसने महाराष्ट्र के बैरागढ़ क्षेत्र से गोलू उर्फ अनिल नामक व्यक्ति से लेना बताया।

### बोलेरो पलटी, बाइक सवार महिला-बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



रानीपुर रोड पर बुधवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे पर कमानी गेट से आगे पेट्रोल पंप के पास हुई। बोलेरो वाहन (क्रमांक एमपी 48 बीसी 2902) अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और इस दौरान एक बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पेट्रोल पंप के सामने अचानक ब्रेक लगाने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे हादसा हुआ। बोलेरो में तीन युवक सवार थे, जो हनुमान डोल से लौट रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### सौ से अधिक बैलगाड़ियों की टक्कर में दिखा काफी रोमांच

## आज सामान्य पट प्रतियोगिता का फाइनल होगा और बढ़ जाएगा मुकाबले का जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

मां विजासन माई मेले के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय क्षेत्रीय बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता में रोमांच और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता में 100 से अधिक बैलगाडिय़ों ने भाग लेकर अपनी गति और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ग्राम झरना के संजय यादव की बैलजोड़ी करन-अर्जुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 सेकंड 15 पॉइंट में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्राम कुसमेरी के अरमान यादव की बैल जोड़ी 6 सेकंड 25 पॉइंट के समय के साथ द्वितीय स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर ग्राम सोमूखेड़ा के विनोद धुर्वे की बैल जोड़ी रही, जिन्होंने 6 सेकंड 29 पॉइंट में दौड़ पूरी की।

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरे दिन मैदान में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा। दर्शकों की भारी भीड़ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इधर, बुधवार से सामान्य बैलगाड़ी दौड़ पट प्रतियोगिता का शुभारंभ भी हो गया है। पहले ही दिन इसमें एक



सैकड़ा से अधिक बैलगाडिय़ों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम सहित विभिन्न जिलों से आई बैल जोडिय़ां हिस्सा ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ गए हैं। जानकारी के अनुसार, सामान्य पट प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भी सैकड़ों बैलगाडिय़ों के शामिल होने की संभावना है। मेला समिति में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी देखने को मिल रही है, जो इस पारंपरिक खेल के प्रति लोगों के उत्साह और जुड़ाव को दर्शाता है। इस पट प्रतियोगिता में समिति के रूपनारायण मालवीय, प्रेम उदयपुरे, बदामी कहार सहित अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### 27 को रामनवमी एवं 31 को महावीर जयंती पर बंद रहेंगी मांस, मटन दुकानें

**सारनी।** रामनवमी पर्व एवं महावीर जयंती को नगर पालिका क्षेत्र की सभी मांस, मटन, मछली दुकानें बंद रहेंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 27 मार्च 2026 को रामनवमी पर्व एवं मंगलवार 31 मार्च 2026 को महावीर जयंती होने से सभी प्रकार से पशुवध गृह, मांस, मटन, चिकन एवं मछली का क्रय एवं विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

उक्त आदेश की अवहेलना किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की रहेगी।

### सामूहिक वंदे मातरम गायन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान समारोह आज होगा

**बैतूल।** वंदे मातरम-150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 26 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रातः 10.30 बजे सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष, चौकी प्रभारी घायल, 22 नामजद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

## मुलताई में सीमांकन के दौरान राजस्व टीम पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी मोसी में मंगलवार दोपहर 2 बजे जमीन की नाप-जोख (सीमांकन) के दौरान हंगामा हो गया।

राजस्व टीम और पुलिस पर हुए अचानक पथराव में मासोद चौकी प्रभारी रणधीर राजपूत और भाजयुमो के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे घायल हो गए। घटना तब हुई जब चौकी प्रभारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष और राजस्व विभाग की



टीम जमीन का सीमांकन करने गांव पहुंची थी। वहां मौजूद कुछ आदिवासी परिवारों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और देखते ही देखते पत्थरबाजी शुरू कर दी। हमले में चौकी प्रभारी राजपूत और जिलाध्यक्ष मगरदे के सिर और पैरों में चोटें आई हैं। हैरानी की बात यह है कि घटना के समय मौके पर तहसीलदार, राजस्व अमला और करीब आठ पुलिसकर्मी मौजूद थे। सीमांकन के लिए जेसीबी मशीन भी बुलाई गई थी, लेकिन पथराव इतना तेज था कि पूरी टीम को वहां से जान बचाकर हटना पड़ा। खबर मिलते ही मुलताई से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा गया और स्थिति को संभाला गया।

### शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार में प्रवेश प्रारंभ

**बैतूल।** शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार में 25 मार्च से कक्षा पहली से 8वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च तक निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश के लिए शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

### माध्यमिक शाला पतौवापुरा की कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

माध्यमिक शाला पतौवापुरा की बोर्ड परीक्षा आठवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। शाला के प्रधान पाठक आरएन विश्वकर्मा ने बताया कि कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत सफल रहा है। शाला में कुल 39 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की। माध्यमिक शाला पतौवापुरा की छात्रा कुमारी नेहा भोरसे ने 600 में से 541 नंबर प्राप्त करके 90.16 प्रतिशत अंक अर्जित किये। कक्षा



आठवीं में दूसरे स्थान पर कृतिका आहाके ने 600 में से 501 नंबर प्राप्त कर 83.5 प्रतिशत प्राप्त किए। कक्षा आठवीं में तीसरे स्थान पर मीनाक्षी यादव ने 600 में से 485 अंक 80.83 प्रतिशत प्राप्त किए।

### बैतूल के दो आनंद क्लब राज्य स्तर पर सम्मानित

## स्वच्छता और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य पर प्रत्याशा प्रथम, ताप्ती रहीं द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सेवा पखवाड़ा अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए बैतूल जिले के दो आनंद क्लबों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित इस अभियान का संचालन कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन के मार्गदर्शन में हुआ। अभियान में प्रत्याशा आनंद क्लब बैतूल और ताप्ती आनंद क्लब ग्राम सिमोरी ने स्वच्छता, सामाजिक सेवा और जरूरतमंदों की मदद में कार्य करते हुए क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिला संपर्क व्यक्ति महेश गुंजेले के अनुसार अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाए गए। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण




सहायता, मैराथन, रक्तदान शिविर और पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जीवनशैली बनाना और समाजसेवा की भावना को मजबूत करना रहा। प्रत्याशा आनंद क्लब की संचालक तुलीका पचौरी ने बताया कि क्लब पिछले चार वर्षों से दिव्यांग बच्चों और निशक्तजनों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। ताप्ती आनंद क्लब सिमोरी के शैलेन्द्र बिहारिया ने बताया कि उनका क्लब क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। राज्य स्तर पर चयन प्रक्रिया जिला समिति द्वारा पूरी की गई, जिसमें क्लबों के आवेदन और ऑनलाइन प्रतिवेदन के आधार पर निर्णय लिया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित आनंद के आयाम राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में किया गया।

### विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने विधायक निधि से तैयार कराए

## 28 पंचायतों में पहुंचा फायर फाइटर युक्त टैंकर, आग बुझाने से लेकर पौधों की सिंचाई तक करेगा काम

**सोलर सिस्टम से हर हाल में रहेगा चालू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

गर्मी के मौसम में बढ़ते पेयजल संकट और ग्रामीण अंचलों में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए क्षेत्र में एक बहुउद्देशीय पहल की गई है। बुधवार को विधायक निवास भौंरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने विधायक निधि से तैयार कराए गए फायर फाइटर युक्त वाटर टैंकर 28 ग्राम पंचायतों को वितरित किए। खास बात यह है कि इन टैंकरों को केवल पानी ढोने तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि इन्हें इस तरह विकसित कराया गया है कि ये गांवों की कई जरूरतों को एक साथ पूरा कर सकें। कार्यक्रम में विधि-विधान से टैंकरों का पूजन कर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर इन्हें पंचायतों के लिए रवाना किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मालवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन टैंकरों में फायर फाइटर इंजन और स्प्रिंकलर सिस्टम विधायक द्वारा अलग से लगवाया गया है। इसे इस तरह डिजाइन कराया गया है कि यह



केवल आग बुझाने में ही नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में पानी की आपूर्ति, गांवों में पौधारोपण के बाद पेड़ों की सिंचाई, सडक़ों पर धूल नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई जैसे कार्यों में भी उपयोगी साबित हो सके। इसके साथ ही टैंकरों में सोलर ऊर्जा आधारित प्लेट भी लगाई गई है, जिससे बिजली नहीं होने की स्थिति में भी यह सिस्टम निर्बाध रूप से कार्य करता रहेगा। ग्रामीण अंचलों में जहां फायर ब्रिगेड की तत्काल उपलब्धता नहीं होती, वहां ये टैंकर पहली प्रतिक्रिया के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### गांव-गांव में मिलेगा बहुउपयोगी लाभ

धपाड़ा, झोली, बंजारीढाल, बांसपुर, मर्दवानी, आमढ़ाना, पीसाजोड़ी, पाढर, रामपुर, शक्तिगढ़, सातलदेही, चोपना, गोपीनाथपुर, बांसपानी, मलाजपुर, चूडय़ां, चूनाहजूरी, गोधना, तारमखेड़ा, बीजादेही, कछार, कुण्डी, केसिया, भौंरा, पहावाड़ी, सालीमेट, तारा और टांगनामाल जैसे गांवों में ये टैंकर अब नियमित उपयोग में आएंगे। इन क्षेत्रों में गर्मी के दौरान पानी की कमी के साथ-साथ खेत-खलिहानों और जंगल से लगे इलाकों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं, ऐसे में यह पहल राहत का आधार बनेगी।

### हर जरूरत को ध्यान में रखकर किया गया निर्माण

विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि इन टैंकरों को क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार कराया गया है। हमने प्रयास किया है कि एक ही संसाधन से गांवों की कई समस्याओं का समाधान हो सके। ये टैंकर पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ आगजनी पर नियंत्रण, पौधों की सिंचाई और अन्य आवश्यक कार्यों में भी उपयोगी रहेंगे। इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और आपात स्थिति में त्वरित मदद सुनिश्चित हो सकेगी।

### राहत के साथ सुरक्षा की दिशा में कदम

यह पहल केवल सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण सुरक्षा और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में भी एक ठोस कदम मानी जा रही है। एक ही टैंकर के माध्यम से पेयजल, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को जोडक़र क्षेत्र में विकास का एक व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### असद अहमद खान ने कक्षा 8 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**माखननगर।** मप्र राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कक्षा 8 के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025-26 में माखन नगर के प्राइवेट स्कूल के छात्र असद अहमद खान ने पूरे छः विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए ए+ ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। असद अहमद खान ने कुल 600 में से 582 अंक हासिल कर 97 प्रतिशत बनाए है। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, परिवार, प्रिंसिपल स्कूल मैनेजर, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन को दिया।

### ग्राम घोड़ानार प्राथमिक शाला का रिजल्ट शत प्रतिशत




**माखननगर।** विकासखंड विस्थापित ग्राम घोड़ानार प्राथमिक शाला में बुधवार को कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शाला के सभी छात्र शत प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती चौहान ने बताया यह शिक्षकों की मेहनत और छात्र-छात्राओं की लगन से संभव हुआ है बच्चों की इस उपलब्धि पर सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

### नवीन शिक्षा सत्र को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र के सभागार में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता में जिले के समस्त जन शिक्षकों, बीआरसी, बीएसी एवं एमआईएस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन शिक्षा सत्र के सफल संचालन हेतु प्रवेश उत्सव, छात्र नामांकन, पाठ्य पुस्तक वितरण, विद्यालयों की स्वच्छता एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों से सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक सर्वश्रेष्ठ जन शिक्षक को "स्टार परफॉर्मर" के रूप में सम्मानित किया गया।

## सोहागपुर में पात्र लोगों को स्वीकृति पत्र किए वितरित

# संकल्प समाधान शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

नर्मदापुरम और सोहागपुर में 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत शिविरों का आयोजन कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से आवेदन लेकर उनका समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम/सोहागपुर






जिला मुख्यालय पर एनएमव्ही कॉलेज में नगर पालिका व जनपद पंचायत नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने सिरकत की। इस दौरान 22 विभागों की 106 योजनाओं के हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर इनका समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। अभियान में अभी तक 7665 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, एसडीएम जय सोलंकी और सीईओ श्रुति चौधरी व नपा नर्मदापुरम सीएमओ हेमेश्वरी पटले शामिल रही।

#### सोहागपुर में संकल्प से समाधान अभियान

नगर परिषद सोहागपुर के मंगल भवन में गत दिवस अनुभाग स्तरीय 'संकल्प से समाधान अभियान' अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर परिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्त्वावधान में हितग्राहियों को लाभ के प्रमाण पत्र वितरित किये गए। सोहागपुर नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, संबल सहित अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र मंच के माध्यम से प्रदान किये गए। इस दौरान सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालमसिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रियंका भलावी, जपं प्रभारी सीईओ प्रबल अरजरिया, पार्षद आशीष विश्वकर्मा व नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक, नगर परिषद व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### युवा दिवस से शुरुआत

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि 'संकल्प से समाधान अभियान' की शुरुआत जनवरी 2026 में युवा दिवस से की गई थी। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक आयोजित करना है। जिसमें विविध सरकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को अभियान अंतर्गत चिन्हित करना है। इन पात्र हितग्राहियों का नगर परिषद व जनपद पंचायत के मैदानी कर्मचारियों के द्वारा सर्वे किया गया। योजनाओं में पात्रता आधार पर हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर नगर परिषद एवं जनपद पंचायत के कार्यालय में जमा किये गए।

## डीजल भट्टी और कोयला भट्टी पर आधारित हो गया होटल व चाय गुमटियों का व्यवसाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य एशिया क्षेत्र में युद्ध की स्थिति का भारत में होटल व्यवसाय पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। क्योंकि अभी भी कमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई पर्याप्त रूप से बहाल नहीं हुई है। जिसके चलते होटल व्यवसाय अन्य संसाधनों पर निर्भर हो गया है। हरिभूमि से चर्चा में होटल व्यवसायी नितिन चौरसिया, नीरज चौरसिया आदि ने बताया की कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण बड़ी होटलों में जहां डीजल भट्टी का उपयोग किया जा रहा है। वहीं चाय की गुमठियों या टपों पर कोयला भट्टी अथवा लकड़ी की भट्टियों का उपयोग किया जा रहा है। होटल तथा चाय गुमठी व टप व्यवसाय से जुड़े सोहागपुर क्षेत्र के मध्यम एवं लघु व्यापारियों ने बताया कि युद्ध का बहुत बुरा असर इन व्यवसायों पर हुआ है। तथा उदर पोषण व रोजी-रोटी के चलते व्यापारियों को महंगे ईंधन के संसाधन तलाशने पड़ रहे हैं। इस स्थिति के कारण व्यापारियों के समक्ष अब पर्याप्त लाभ की स्थिति आंशिक व काम चलाऊ लाभ या कई बार नुकसान की में बदल चुकी है। व्यापारियों ने बताया कि परिवार के भरण पोषण के लिए हर हालत में कार्य करना जरूरी है। जिसके चलते दुकानों पर तालाबंदी नहीं की जा सकती। अतः जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। व्यापारियों को शीघ्र ही युद्ध समाप्त होने तथा हालात सामान्य होने की आशा है।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया काला दिवस

**वैधता अधिनियम वापस लिया जाए दिया ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



भारतवर्ष के समस्त पेंशनरों के हित में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ नई दिल्ली के आह्वान पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है, जिसमें वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पेंशनरों के विरुद्ध जारी वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग की है। केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के अंतर्गत 25 मार्च 2025 को लोकसभा में पेंशनरों के विरुद्ध यह काला कानून अनुमोदित कर दिया गया है। यह वित्त विधेयक पेंशनरों के लिए अपूर्णीय क्षति पहुंचाएगा। उक्त अधिनियम के विरोध में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा माखन नगर द्वारा आज 25 मार्च को काला दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार माखन नगर को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम से संबंधित वित्त मंत्रालय द्वारा 29 मार्च 25 को जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने के संबंध में आदेश जारी कर पेंशनर को राहत प्रदान की जाए। सभी सदस्यों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष आरएच चौरे सचिव हरिओम मालवीय, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, डीके तिवारी अनूप मिश्रा, बालकृष्ण चौहान, एसके दुबे, भगवानदास यादव, गनी खान, बालकिशन चौहान, नारायण तेनगुरिया, मीडिया प्रभारी कैलाश भगोरिया ने ज्ञापन सौंपा।

## बढ़ते किडनी मरीज, डायलिसिस सुविधा के अभाव में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र में लगातार पिपरिया पचमढ़ी सहित अन्य सभी क्षेत्रों में लगातार किडनी की समस्या बढ़ती जा रही है। जिसके कारण लोगो को भोपाल जबलपुर नागपुर आदि अनेक जंगह जाना पड़ता है। किडनी की समस्या बढ़ती जा रही है। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में 100विसतर का सामुदायिक भवन में सिविल अस्पताल पिपरिया कर दिया गया है। लेकिन संविदा महिला डॉक्टर को वीएम ओका प्रभारी बनाया गया है।जब से अस्पताल के हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं।

वीएम ओ मरीजों को देखती ही नहीं है। नीचे की मंजिल में ओपीडी में बैठती ही नहीं है। एक्स-रे मशीन से लेकर रक्त दान की मशीन है ।पर कर्मचारी नहीं है। डाक्टर नहीं है। रोगी कल्याण समिति द्वारा बैठक की जानकारी किसी को नहीं दी गई है।एक ही आदमी को अनेकानेक लाभकारी प्रभारी बनाया गया है। पिपरिया विधानसभा में लगातार किडनी के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी से लेकर विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को लेकर कोई पुख्ता कार्यवाही नहीं हुई है। इसलिए गाडरवारा में मंत्री ने व्यवस्था दी गई है। लेकिन अभी तक कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।ना ही मांग पत्र भेजा गया है। जिसके कारण लोगो लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं।

यदि डायलिसिस मशीन की व्यवस्था यहां पर हमेशा के लिए हो जाती है तो गरीब आदिवासी तबके के लोग भी लाभ ले सकते हैं। लाखों रुपए का काम हजारों में हो सकता है। वीएम ओ ऋचा कटकबार का कहना है।यह बात सही है मरीज बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई मंजूरी नहीं मिली है।ना मशीन मिली है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बताया कि यह बात अभी वर्तमान में सामने आई है।शीघ्र ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि वह अभी असम में है।

## डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को निरंतर प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित जनहितकारी योजनाओं, विभागीय कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के प्रति लगातार जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग को कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-विकास पोर्टल पर खाद हेतु जारी टोकन में दर्ज फसल का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता से अधिक खाद का भंडारण न हो, इसके लिए संबंधित विभाग सतत निगरानी रखें। दूरस्थ क्षेत्रों में खाद की सुगम उपलब्धता हेतु कैश सेल पॉइंट के माध्यम से वितरण के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फसल कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन की समीक्षा करते हुए हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अटैचमेंट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, पशुपालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग को समन्वित प्रयासों से गौशालाओं एवं डेयरी के लिए भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में भावांतर योजना अंतर्गत सरसों सहित अन्य फसलों के पंजीयन एवं रकबे की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एलपीजी की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति की स्थिति न बने, इसके लिए समय-समय पर आवश्यक जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही एलपीजी वितरण केंद्रों की नियमित जांच कर कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

## नवांकुर संस्था ने की संस्कार केंद्र की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखन नगर




मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाजसेवा समिति द्वारा ग्राम गूजरवाड़ा में संस्कार केंद्र की स्थापना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य भगवानदास यादव की उपस्थिति में फीता काटकर संस्कार केन्द्र का शुभारंभ किया गया। संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने बताया संस्कार शब्द का मूल अर्थ है शुद्धिकरण। संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृतियों से है जो किसी व्यक्ति को अपनी समुदाय का पूर्ण रूप से योग सदस्य बनाना।

उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को सामाजिक समरसता के प्रति जोड़ना। यदि आज हम अपने बच्चों को संस्कारवान नहीं बनाएंगे तो आने वाले पीढ़ी अपने मार्ग से भटक जायेगी और उसका दुष्परिणाम सामने आने लगेगा। इसी तर्ज पर हमारी संस्था ने अपने गांव के बच्चों के लिए संस्कार केन्द्र खोला गया है। जिससे हम बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देकर उनका भविष्य उज्जवल बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विशेष सहयोगी के रूप में नीतिराज सिंह यादव,सुरेश यादव, भगवानदास यादव , गेंदालाल यादव, नवनीत यादव, वीरेंद्र यादव मानागांव, सतीश यादव कोटगांव, नवांकुर संस्था उपाध्यक्ष रीता नीतिराज सिंह यादव, मनोज परसाई सचिव, रामकृष्ण यादव कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक जवारे समिति परिसर में किया सुहागन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नगर के बिहारी चौक क्षेत्र में प्रतिवर्ष सार्वजनिक जवारे समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर जवारों की स्थापना की जाती है। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा भी समिति स्थापित करती है। जहां पूरे नौ दिन नियमित ही विविध धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। गत दिवस बिहारी चौक क्षेत्र सहित मातापुरा, गांधी वार्ड एवं राजेंद्र वार्ड क्षेत्र की महिलाओं द्वारा सुहागन कार्यक्रम का आयोजन जवारे व मां दुर्गा प्रतिमि स्थापना परिसर में किया गया। जिसमें 70 से अधिक सुहागन महिलाओं ने लाल तथा पीले रंग के ड्रेस कोड में अपनी उपस्थिति दी। महिलाओं ने पूरे दिन मां दुर्गा की भक्ति के गीत गाए, व्रत किया एवं देर शाम जवारों सहित मां दुर्गा का पूजन किया। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। प्रसाद वितरण उपरांत देर शाम तक महिलाओं द्वारा भक्ति गीतों तथा मां दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### जनपद शिक्षा केंद्र केसला ने रचा कीर्तिमान, कक्षा 5वीं और 8वीं में रहा उत्कृष्ट परिणाम




**इटारसी।** जनपद शिक्षा केंद्र केसला ने कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की। राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश द्वारा घोषित परिणाम में कक्षा 8वीं के 1516 में से 1493 छात्र (99.33 प्रतिशत) एवं कक्षा 5वीं के 1769 में से 1761 छात्र (99.55 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए। प्रभारी बीआरसी रतना सोनिया के नेतृत्व तथा कलेक्टर, जिला सीईओ और डीपीसी के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हुई। शिक्षकों, परीक्षा प्रभारी व समस्त स्टाफ के सहयोग से केसला ब्लॉक ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

**श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा आयोजन का सप्तम दिवस**

## मर्यादा पुरुषोत्तम का शंखनादः समुद्र लांघ लंका की दहलीज पर पहुंची वानर सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




अधर्म के गढ़ लंका पर धर्म की पताका फहराने के लिए श्रीराम की वानर सेना, जामवंत के कुशल मार्गदर्शन और पवनपुत्र हनुमान के अदम्य साहस के बाद, अब स्वयं प्रभु श्री राम ने अपनी विशाल सेना के साथ लंका की भूमि पर प्रवेश किया। समुद्र पर बना 'राम सेतु' न केवल पत्थरों का मेल है, बल्कि अटूट श्रद्धा और विजय के विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। यह युद्ध केवल दो राजाओं का नहीं, बल्कि सत्य और असत्य के बीच का है। पत्थरों का तैरना इस बात का प्रमाण है कि जब हृदय में राम हों, तो मार्ग की हर बाधा हट जाती है। उक्त उद्गार श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज ने श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत जारी श्रीराम कथा के सप्तम दिवस बुधवार को व्यक्त किए।

श्रीराम कथा अंतर्गत महाराज जी बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। व्यासपीठ से श्रोता के रूप में उपस्थित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों को संबोधित करते हुए कथा को विस्तार देते हुए उन्होंने कहा कि जब जामवंत जी की टुकड़ी को दक्षिण तट पर माता सीता के होने के प्रमाण मिले। हनुमान जी अपनी शक्तियां भूल चुके थे, तब जामवंत जी ने उनमें वह ऊर्जा भरी कि उन्होंने एक छलांग में विशाल समुद्र पार कर लिया। लंका पहुंचकर हनुमान जी ने न केवल माता सीता का पता लगाया, बल्कि रावण के अहंकार की लंका को राख में बदलकर यह संदेश दे दिया कि रघुकुल का कोप अब शांत नहीं होगा। महाराज श्री ने कहा कि जब लंका जाने का मार्ग अवरुद्ध था, तब श्री राम के संकल्प और वानर सेना के श्रम ने असंभव को संभव कर दिखाया। नल और नील की देखरेख में पत्थरों पर 'राम' नाम अंकित कर समुद्र पर पुल का निर्माण किया गया। जब प्रभु राम ने अपनी सेना के साथ उस सेतु को पार किया, तो आकाश 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं अशोक वाटिका में बैठीं माता सीता के लिए हनुमान जी का पहुंचना किसी संजीवनी से कम नहीं था। लंका दहन की अग्नि ने जहां असुरों में भय पैदा किया है, वहीं पीड़ितों के मन में न्याय की आस जगाई है।

आयोजन समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, घनश्याम तिवारी, देवेंद्र पटेल, दिनेश सैनी, मुंबई टॉप थर्टी गुरुकुलम, पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं सिंधु विकास समिति, सोनी समाज इटारसी, वैदेही मंडल जबलपुर, शुक्ला परिवार (संत निवास व्यवस्था), प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, आदर्श स्कूल नया यार्ड, शास. सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आदि के सदस्य एवं पदाधिकारियों सहित मंदिर समिति एवं आयोजन समिति पदाधिकारियों ने महाराज श्री का व्यासपीठ पर पूजन एवं स्वागत किया। प्रवचन में हारमोनियम पर दिलीप जी, तबले पर दीपक दुबे, बैंजो पर श्रीराम जी, सहित संकटा प्रसाद मिश्र, दुर्गादत्त तिवारी एवं राहुल जी ने भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को अपनी तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने जिला कलेक्टर सोनिया मीणा को पत्र लिखकर इटारसी मेंजनहित से जुड़ी तीन बड़ी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। ज्ञापन के माध्यम से पांडेय ने कलेक्टर से शीघ्र समस्याओं को हल करने का आग्रह किया है। तीनो ही समस्याएं इटारसी नगरपालिका क्षेत्र की है जिनसे शहर के व्यापारी वर्ग काफी परेशान हैं।

#### यह हैं तीन प्रमुख बिंदु

1. पुराने संपत्ति कर पर 50 प्रतिशत की छूट को स्थाई रूप से जारी रखा जाए एवं 31 मार्च के बाद डबल टैक्स और भारी जुर्माना के प्रावधान को तुरंत वापस लिया जाए इसके साथ ही टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर विसंगतियों को दूर किया जाए।

2. वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई आर्थिक मंदी एवं इटारसी में लगातार घटते व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए नगर पालिका के मालिकाना हक वाली दुकानों की किराया वृद्धि संबंधी निर्णय व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा नगर पालिका के मालिकाना हक वाली दुकानों में किराया वृद्धि संबंधी निर्णय को वापस लिया जाए ।

3. शासकीय कर्मचारी एवं शिक्षकों द्वारा राजनीतिक मंचों पर भाग लेना शासकीय सेवा नियमों एवं आचार संहिता के विरुद्ध है। क्योंकि शासकीय कर्मचारी को किसी भी राजनीतिक गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लेने की अनुमति नहीं है। शासकीय कर्मचारी एवं शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इन गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी में विद्या आरंभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया



**चापडा।** नगर मे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा सामुहिक रुप से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम हितग्राहियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। चापड़ा सेक्टर सुपरवाइजर ललिता जाट ने बताया कि बच्चों को आंगनबाड़ी और विद्यालय में विद्या प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्या आरंभ प्रमाण पत्र का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया।

### डीजल पेट्रोल की किल्लत के चलते पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतार



**चापड़ा।** मंगलवार से डीजल पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के बीच पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार देखी जा रही है।मंगलवार को दोपहर बाद चापडा सहित आसपास के पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल खत्म हो चुका था। वहीं सोमवार को इंदौर रोड पर स्थित के इंद्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की कतार सुबह से देखी गई, अफवाहें के चलते लोग डीजल पेट्रोल स्टॉक करने के लिए अपने वाहनों के साथ डिब्बे में भी डीजल पेट्रोल लाकर स्टाक कर रहे हैं। वर्तमान में किसानी कार्य भी चल रहा है, ऐसे में ट्रैक्टर चालक चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि बुधवार के दिन इन्द्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल वितरण किया गया वहीं चौराहे पर स्थित एक पेट्रोल पंप बंद रहा।

## काले धुएं से घिरा आसमान, दर्जनों दमकलों ने कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग

# उज्जैन रोड बायपास पर पुराने टायर गोदाम में लगी भीषण आग, पांच घंटे में काबू पाया

### आग हादसे के बाद उठे सवाल टायर गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




उज्जैन रोड बायपास पर स्थित पुराने टायर के गोदाम में बुधवार सुबह 6.15 बजे आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी लपटों में ले लिया। सूचना मिलने पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम खेतों के बीच था और इसमें पुराने टायर भरे हुए थे। आग लगने के बाद आसमान में काले धुएं की लपटें कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं।

### नुकसान का किया जा रहा आकलन

मौके पर पहुंची तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि आग पर अब नियंत्रण पा लिया गया है। गोदाम 'एकता फर्म' नाम से आवेश और शोएब खान द्वारा संचालित किया जा रहा था। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। नगर निगम के अभिनव चंदेल ने बताया कि उन्हें डायल 112 के जरिए आग की सूचना मिली। इसके बाद नगर निगम की तीन दमकलें, एक बीएनपी और एक आयशर कंपनी की फायर ब्रिगेड आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब पांच घंटे लगे। देवास के उज्जैन रोड बायपास पर स्क्रैप और पुराने टायरों के गोदाम में लगी भीषण आग के बाद अब सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बड़ी संख्या में पुराने टायरों का भंडारण करना सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जोखिम भरा माना जाता है, क्योंकि टायर अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं और आग लगने पर तेजी से फैलते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे गोदामों में आग लगने की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होना जरूरी है। इसके साथ ही फायर विभाग से अनिवार्य रूप से फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना भी आवश्यक होता है। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि कई स्थानों पर बिना उचित अनुमति और सुरक्षा इंतजामों के ही टायरों का बड़े पैमाने पर भंडारण किया जाता है।

### पुनरावृत्ति रोकने उठाने होंगे कदम

भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक है कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके तहत राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम का गठन कर गोपनीय तरीके से बड़े टीन शेड में किए गए भंडारण की जांच कराई जाए। जांच




के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन टीन शेड के अंदर किसी प्रकार का ज्वलनशील या अवैध सामग्री का भंडारण तो नहीं किया गया है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम उठाए तो संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

## कलेक्टर ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली

### पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में जिले में पेट्रोल/डीजल की नियमित आपूर्ति बनाये रखने के संबंध में ऑयल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों की बैठक ली गई। कलेक्टर सिंह ने सभी आईल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं तथा जिला प्रशासन से समन्वय कर नियमित रूप से वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी देवास को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल, डीजल पम्पों पर वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएं तथा पेट्रोल, डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर सिंह ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिले में पेट्रोल/डीजल एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी प्रकार की घबराहट में अनावश्यक पेट्रोल/डीजल की खरीददारी करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में विक्रय अधिकारी आईओसीएल कौषलेन्द्र यादव ने बताया कि कंपनी द्वारा डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति सतत रूप से की जा रही है। आईओसीएल द्वारा आगामी दिवसों में डिपो से 24 घंटे पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति किये जाने के संबंध में भी विचार किया जा रहा है। विक्रय अधिकारी बीपीसीएल मेहफूज खान ने बताया कि डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति जारी है। जिले में सभी आईल कंपनियों के कुल 186 पेट्रोल/डीजल पम्प संचालित है, जिनमें से 23 पम्प संचालकों द्वारा राशि जमा नहीं करने पर पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति बाधित हुई है, शेष सभी पम्पों पर संबंधित आईल कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति की जा रही है। 25 मार्च की स्थिति में जिले के सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर कुल पेट्रोल 730 के.एल. डीजल 1287 के.एल तथा पावर पेट्रोल 234 के.एल उपलब्ध है। जिले में किसी भी क्षेत्र में पेट्रोल/डीजल के अनुपलब्धता की स्थिति नहीं है।

## नगरीय निकाय में पेंडिंग कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने कलेक्टर ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जो भी कार्य प्रगतिरत हैं उन कार्यों में गति लाएं तथा पेंडिंग कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के लिए अगर भोपाल स्तर से कोई आदेश प्राप्त करना है तो नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर अनुमति प्राप्त कर कार्य को गति दें। उन्होंने नगरीय स्वच्छ अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ से जानकारी प्राप्त की। आवास योजना की जानकारी जियोटेग अपडेशन नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। पीएम आवास योजना की जानकारी अपडेट करते रहें।साथ ही पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि जिले में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिए कार्य प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि जहां पेयजल की दिक्कत आ रही है, वहां प्राइवेट जल स्त्रोतों को अधिग्रहण कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने नल जल योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ब्लू स्टार कंपनी का कार्य संतोष जनक नहीं होने पर संबंधित विभाग के पीएस को डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने वन विभाग को निर्देश दिए कि जिले में स्थिति खिवनी अभ्यारण का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसके लिए आसपास के ग्रामीणों को प्रेरित करें उन्हें भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। खिवनी अभ्यारण में लोकल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हों जिससे यहां आने वाले पर्यटकों का मनमोहित हो सकें।

### विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**चापड़ा।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत डॉ. हेमन्त पटेल, डॉ.दिनेश सोलंकी, डॉ.राजेश गुर्जर की उपस्थिति मे ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी अमित नागर के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई और बीमारी के प्रति जागरूक किया। साथ ही क्षय रोगियो को पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतन जामले, बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, नन्दकिशोर मोहवाल, सचिन खेरदे अदि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गैस संकट के बीच उद्योगपतियों के साथ बैठक की





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खाड़ी देशों में जारी युद्ध के चलते देशभर में गैस संकट जैसे हालात बनने लगे हैं। उद्योगों को गैस की कमी से बचाने और उत्पादन को प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य से देवास औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में उद्योगपतियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एमपीआईडीसी, आपूर्ति विभाग, गैस कंपनियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने मिलकर समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। सभी संबंधित पक्षों ने भरोसा दिलाया कि वर्तमान स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन सामूहिक प्रयासों से जल्द सुधार किया जाएगा। एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के जनरल मैनेजर विनय प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि मौजूदा हालात को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। शासन, प्रशासन और गैस कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं ताकि उद्योगों पर इसका न्यूनतम असर पड़े। उन्होंने उद्योगपतियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी दें, जिससे उसका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने गैस कोटे का 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है, जिससे काफी हद तक गैस संकट से राहत मिलेगी। साथ ही उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन अपनाने और पाइप गैस कनेक्शन लेने की सलाह भी दी गई।

### उद्योगपतियों ने रखी अपनी समस्याएं

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक खंडेलिया ने बताया कि वर्तमान में गैस सप्लाई का 6 महीने का एवरेज लिया जा रहा है, जो सही नहीं है क्योंकि इसमें सीजनल उतार-चढ़ाव शामिल हो जाता है। उन्होंने इसे 3 महीने का करने की मांग की। वहीं पहले उद्योगों को मिलने वाला 80 प्रतिशत गैस कोटा 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे अधिक खपत पर पेनल्टी रेट लगाने की बात कही जा रही है, लेकिन 15 मार्च के बाद की दरें स्पष्ट नहीं हैं, जिससे उद्योगपति असमंजस में हैं।

### टीम वर्क से होगा काम

बैठक के अंत में जीएम तोमर ने एक बार फिर उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि यह एक अस्थायी स्थिति है और सभी विभाग मिलकर इसे जल्द सामान्य करेंगे। उन्होंने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन और उद्योग मिलकर काम करेंगे तो इस संकट से आसानी से बाहर निकला जा सकता है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन, निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलनः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा हुए। जहां से सभी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम में ज्ञापन एसडीएम अभिषेक शर्मा को सोपा। ज्ञापन में कहा गया कि समिति के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी हमारी मांग है कि ऋण जमा की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि किसान अपनी गेहूं बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन आयल के टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोका जाए इससे देसी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है। बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में देवास इंदौर जिले के हजारों किसानों ने एक हज़ार रुपए में शेयर खरीद कर फैक्ट्री की स्थापना की थी चुकी अब भूमि व्यापारी को दी जा रही है इसलिए किसानों को बाजार मूल्य के हिसाब से शेयर का मुआवजा दिया जाए। अनेक गांवों में बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल का नुकसान हुआ है उसका तत्काल सर्वे कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए। गेहूं की खरीदी को 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मुल्य मिल सके। गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की उपलब्धता किसानो एवं आम नागरिकों को सुनिश्चित की जाए वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की परेशानी को देखते हुए प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन के पश्चात संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि अगर हमारी मांग 1 तारीख तक नहीं मानी गई तो हम कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, पोपसिंह परिहार, ज्ञान सिंह दरबार, अजय सिंह राजोदा, प्रतीक शास्त्री, हिम्मत सिंह चावड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया, खतरनाक स्तर तक गिरे प्लेटलेट्स के बावजूद डॉक्टरों ने बचाई जान

# 11 दिन वेंटिलेटर पर रही नवजात ने जीती जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के हीरापुर बमोरी, बागली की एक नवजात बच्ची का गंभीर परिस्थितियों में इलाज कर जिला अस्पताल के एसएनसीयू के डॉक्टरों ने एक मिसाल पेश की है। जन्म के समय सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया से जूझ रही इस बच्ची को डॉक्टरों की सतत निगरानी, आधुनिक इलाज और मां के स्नेह ने नई जिंदगी दी। करीब 25 दिन तक चले इलाज के बाद 23 मार्च सोमवार को बच्ची को स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया।

### जन्म के साथ ही जिंदगी की जंग

27 फरवरी 2026 को ज्योति पति बलवान सिंह राजपूत निवासी हीरापुर बमोरी (बागली) की दूसरी संतान के रूप में बच्ची का जन्म पीएचसी करनावद में हुआ। जन्म के समय बच्ची का वजन 2.6 किलोग्राम था, लेकिन उसे सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया की समस्या थी। हालत नाजुक होने पर तत्काल जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया। जन्म के तुरंत बाद बच्ची को लगातार दौरे (कन्वल्शन) आने लगे। स्थिति बेहद गंभीर थी। जिसे नियंत्रित करने के लिए डॉक्टरों ने 4 अलग-अलग प्रकार के इंजेक्शन बच्ची को लगाना पड़े। लगातार प्रयासों के बाद दौरे काबू में आए।इलाज के दौरान बच्ची का प्लेटलेट काउंट गिरकर मात्र 5,000 तक पहुंच गया, जो बेहद खतरनाक स्तर माना जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों ने 3 बार प्लेटलेट्स और 2 बार एफएफपी ट्रांसफ्यूजन किया। कुल मिलाकर 5 बार ब्लड/प्लेटलेट सपोर्ट देना पड़ा।

### 11 दिन वेंटिलेटर पर

गंभीर स्थिति के चलते बच्ची को लगातार 11 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। इसके बाद 2 दिन तक CPAP मशीन और 3 दिन ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। शॉक की स्थिति को देखते हुए आयनोट्रोप सपोर्ट भी दिया गया, जबकि संक्रमण से बचाव के लिए एंटीबायोटिक्स दिए गए। शिशु की गंभीर स्थिति के कारण एसएनसीयू टीम के सामने कई बड़ी चुनौतियां थीं। लगातार गिरते प्लेटलेट्स, बार-बार दौरे और श्वसन समस्या के बावजूद टीम ने धैर्य और सतर्कता से इलाज जारी रखा।

### 25 दिन बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

शिशु की हालत में सुधार होने पर उसे पहले नली के माध्यम से दूध दिया गया, फिर कटोरी-चम्मच से और बाद में मां का दूध पिलाया गया। इस दौरान मां को कंगारू मदर केयर (KMC) का प्रशिक्षण दिया गया। मां नियमित रूप से आईसीयू में जाकर बच्ची को कंगारू मदर केयर देती रहीं, जिससे शिशु को गर्माहट और भावनात्मक सहारा मिला। लगातार 25 दिन तक एसएनसीयू में इलाज और निगरानी के बाद बच्ची की स्थिति पूरी तरह स्थिर हो गई। 23 मार्च 2026 को उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। यह सफलता चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### डॉक्टरों की टीम का सराहनीय कार्य

इस सफलता के पीछे एसएनसीयू की टीम—डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अंजु चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। सभी ने दिन-रात मेहनत कर बच्ची को नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। वही बच्ची के पिता बलवान राजपूत ने बताया कि बच्ची का नाम हर्षिता रखा है वह अब पूर्णतः स्वस्थ है डॉक्टरों की कड़ी मेहनत के बाद हर्षिता को नया जीवन मिल पाया है।

## क्षेत्र की शांति भंग करने वाले चार हुड़दंगी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले चार बदमाशों को थाना कमालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में की है। थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 24 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर विवाद कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। सूचना की तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हंगामा कर रहे बदमाशों को दबोच लिया। ये बदमाश मरने-मारने पर आमदा थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय बागली के समक्ष पेश कर जेल भेजने कि वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रमजान पिता नवाब मंसूरी उम्र 20,अल्ताफ पिता नवाब मंसूरी उम्र 27, निवासी कमलापुर,अनिल पिता ओमप्रकाश जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया,संजू पिता बद्रीलाल जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।